# Daily Current Affairs

Date : 05 August, 2025

UTKARSH CLASSES | CIVIL SERVICES

## अनुक्रमणिका

| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | संशोधित आयुष नीति-2025 |
| 2. | वर्ल्ड ट्रांसप्लांट गेम्स की तीरंदाजी स्पर्धा में राजस्थान के तीन खिलाड़ी |
| 3. | मेघ उत्सव – 2025 |
| 4. | 'गॉड वल्चर एंड ह्यूमन' को नेशनल फिल्म अवॉर्ड |
| 5. | अनुच्छेद 370 निरस्तीकरण की छठी वर्षगाँठ |
| 6. | ग्लोबल AI सिटी इंडेक्स 2025 |
| 7. | पहला बिम्सटेक पारंपरिक संगीत महोत्सव |
| 8. | C-295 सैन्य विमान |
| 9. | कोसानोव मेमोरियल 2025 एथलेटिक्स मीट |
| 10. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. बैंको का विलय<br>2. पहली वार्षिक ट्राइडेंट व्याख्यान श्रृंखला 2025<br>3. 'परीक्षा पे चर्चा': गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज<br>4. वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स 2025 – दक्षिण अफ्रीका विजेता |



UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## राजस्थान परिदृश्य

## संशोधित आयुष नीति-2025



### ➲ चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, राजस्थान के आयुष विभाग ने 'संशोधित आयुष नीति-2025' का प्रारूप जारी किया।

### ➲ मुख्य बिंदु :

- राजस्थान सरकार द्वारा वर्ष 2021 में आयुष नीति जारी की गई थी।
- संशोधित आयुष नीति में पहली बार इलेक्ट्रोपैथी चिकित्सा पद्धति को आयुष चिकित्सा पद्धतियों में शामिल किया गया है।
- आयुष (AYUSH) भारत में प्रचलित चिकित्सा प्रणालियों; जैसे - आयुर्वेद, योग और प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी का संक्षिप्त रूप है।

**फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:**

**इलेक्ट्रोपैथी बोर्ड:**

- 30 अप्रैल, 2025 को राजस्थान सरकार द्वारा 'इलेक्ट्रोपैथी बोर्ड' के गठन की अधिसूचना जारी की गई।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- इलेक्ट्रोपैथी चिकित्सा पद्धति और बोर्ड को मान्यता देने वाला राजस्थान देश का पहला राज्य है।
- इलेक्ट्रोपैथी बोर्ड को वैधानिक मान्यता प्रदान करने हेतु राजस्थान विधानसभा द्वारा वर्ष 2018 में 'राजस्थान इलेक्ट्रोपैथी सिस्टम ऑफ मेडिसिन बिल 2018' पारित किया गया था।
- अधिसूचना के साथ ही, 01 मई, 2025 से यह बोर्ड गठित हुआ माना जाएगा।
- राज्य सरकार द्वारा गठित इस बोर्ड में अध्यक्ष सहित छह सदस्य होंगे।

**संरचना:**

- **अध्यक्ष :** आयुर्वेद, योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्धा एवं होम्योपैथी विभाग के प्रमुख सचिव।
- **सदस्य:**
  - हेमंत सेठिया।
  - गोविंदलाल सैनी।
  - कुलदीप वर्मा।
  - हरिसिंह बूमरा।
  - SS पाटोदिया।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **इलेक्ट्रोपैथी चिकित्सा पद्धति :** इलेक्ट्रोपैथी एक अपेक्षाकृत नई चिकित्सा पद्धति है, जिसे उच्चतम न्यायालय द्वारा वैकल्पिक चिकित्सा प्रणाली की श्रेणी में मान्यता प्राप्त है।
- इस चिकित्सा पद्धति की खोज सर्वप्रथम वर्ष 1865 में एक इतालवी सशस्त्र बल अधिकारी डॉ. काउंट सीज़र मैटी द्वारा की गई थी।
- यह चिकित्सा प्रणाली पूर्णतः हर्बल (वनस्पति) पर आधारित है, जो वनस्पति-जगत से प्राप्त औषधीय गुणों पर आधारित है।
- इन औषधीय गुणों को कोहोबेशन (जिसकी प्रक्रिया आयुर्वेद में अर्क निकालने जैसी होती है) के माध्यम से निकाला जाता है और नियंत्रित अनुपात में डिस्टिल्ड एवं डिनैचर्ड अल्कोहल युक्त जल और स्पैजेरिक एसेंस के साथ मिलाया जाता है।
- इलेक्ट्रोपैथी पद्धति का पूरा सिद्धांत मानव शरीर में दो महत्त्वपूर्ण द्रवों — रक्त (Blood) और लसीका (Lymph) के संतुलन पर आधारित है।
- **नोट:** प्रति वर्ष 11 जनवरी को इलेक्ट्रोपैथी पद्धति के जनक डॉ. काउंट सीजर मैटी के जन्म दिवस पर विश्व इलेक्ट्रोपैथी दिवस मनाया जाता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# वर्ल्ड ट्रांसप्लांट गेम्स की तीरंदाजी स्पर्धा में राजस्थान के तीन खिलाड़ी

## चर्चा में क्यों?

- जर्मनी के ड्रेसडेन में आयोजित होने वाले 'वर्ल्ड ट्रांसप्लांट गेम्स' में राजस्थान के तीन खिलाड़ी भारतीय दल का प्रतिनिधित्व करेंगे।




## मुख्य बिंदु :


- **आयोजन :** 17 से 24 अगस्त, 2025 तक ड्रेसडेन (जर्मनी) में।
- **3 खिलाड़ी:** हर्षवर्धन सिंह, अमित शर्मा और हितेश शर्मा।
- ये तीनों खिलाड़ी तीरंदाजी स्पर्धा की एकल और टीम इवेंट में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।
- उल्लेखनीय है कि भारत पहली बार 'वर्ल्ड ट्रांसप्लांट गेम्स' की तीरंदाजी स्पर्धा में हिस्सा लेगा।
- वर्ल्ड ट्रांसप्लांट गेम्स वर्ष 1978 से हर दो वर्षों में आयोजित किए जाते हैं। इन खेलों में ट्रांसप्लांट प्राप्तकर्ता, जीवित दाता, दाता परिवार और उनके समर्थक भाग लेते हैं।
- इन खेलों को इंटरनेशनल ओलंपिक कमेटी (IOC) से भी मान्यता प्राप्त है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# मेघ उत्सव – 2025

➲ **चर्चा में क्यों?**

■ **2 - 3 अगस्त, 2025 को जयपुर स्थित जवाहर कला केंद्र (JKK) में जवाहर कला केंद्र और राजीविका के सहयोग से 'मेघ उत्सव-2025' का आयोजन किया गया।**





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

➲ **मुख्य बिंदु :**

- **तत्वावधान:** राजस्थान डेल्फिक काउंसिल, केन्द्रीय संस्कृति मंत्रालय के उत्तरी क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र (पटियाला) एवं पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र (उदयपुर) के संयुक्त तत्वावधान में।
- **उद्देश्य :** मानसून ऋतु की रचनात्मकता, सौंदर्य और सांस्कृतिक चेतना को लोक कलाओं के माध्यम से जीवंत करना।

**फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:**

**पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, उदयपुर**

- **स्थापना :** वर्ष 1985 से वर्ष 1987 के मध्य।
- **अध्यक्ष :** राजस्थान के राज्यपाल।
- **मुख्यालय :** बागोर की हवेली, उदयपुर।
- **उद्देश्य :** प्रदर्शन कला, दृश्य कला, लोक कला, पारंपरिक कला और आदिवासी कला के माध्यम से पश्चिमी भारत की सांस्कृतिक विविधता को संरक्षित करना।
- पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र 'शिल्पग्राम' स्थापित करने वाला भारत का पहला केंद्र था।
- इस केंद्र द्वारा प्रति वर्ष दिसंबर माह के अंतिम सप्ताह में उदयपुर के शिल्पग्राम में 'शिल्पग्राम उत्सव' का आयोजन किया जाता है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# 'गॉड वल्चर एंड ह्यूमन' को नेशनल फिल्म अवॉर्ड




## चर्चा में क्यों?

- जयपुर के ऋषिराज अग्रवाल द्वारा निर्देशित 'गॉड वल्चर एंड ह्यूमन' को हाल ही में घोषित 'राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार' से सम्मानित किया गया।

## मुख्य बिंदु :

- **श्रेणी :** वर्ष 2023 के लिए 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ वृत्तचित्र फिल्म (Best Documentary) पुरस्कार।
- **प्रोड्यूसर :** प्रोफेसर राजेश चंदवानी।
- **निर्देशक :** ऋषिराज अग्रवाल।
- **फिल्म का विषय :** यह डॉक्यूमेंट्री अंगदान प्रक्रिया में काम करने वाले ऑर्गन ट्रांसप्लांट कोऑर्डिनेटर्स (OTCs) के जीवन पर आधारित है। फिल्म में इन कोऑर्डिनेटर्स की भूमिका, चुनौतियों और उनके सामने आने वाले मानसिक संघर्षों को दर्शाया गया है।
- इस फिल्म का प्रीमियर अहमदाबाद में इंडियन सोसाइटी ऑफ ऑर्गन ट्रांसप्लांटेशन कॉन्फ्रेंस (ISOT) 2024 में किया गया था।
- साथ ही, इसे बाकू (अजरबैजान) में आयोजित 'डोकुबाकू इंटरनेशनल डॉक्यूमेंट्री फिल्म फेस्टिवल (IDFF) सहित कई भारतीय और अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोहों में स्क्रीनिंग के लिए चुना गया।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## राष्ट्रीय परिदृश्य

## अनुच्छेद 370 निरस्तीकरण की छठी वर्षगाँठ

### चर्चा में क्यों?

- 5 अगस्त, 2025 को अनुच्छेद 370 को निरस्त करने की छठी वर्षगाँठ मनाई गई।




### मुख्य बिंदु :

- केंद्र सरकार ने 5 अगस्त, 2019 को जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के साथ-साथ प्रदेश का पूर्ण राज्य का दर्जा समाप्त करते हुए उसे दो केंद्र शासित प्रदेशों (जम्मू-कश्मीर और लद्दाख) में बांट दिया था।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **संसद में संकल्प :** लोकसभा और राज्यसभा द्वारा क्रमशः 5 और 6 अगस्त, 2019 को समवर्ती संकल्प पारित किये गए। जिससे अनुच्छेद 370 के शेष प्रावधानों को भी रद्द कर दिया और उन्हें नए प्रावधानों से प्रतिस्थापित किया।

- **जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम 2019 :** संसद द्वारा 5 अगस्त, 2019 को पारित कर जम्मू और कश्मीर राज्य को दो केंद्रशासित प्रदेशों 'जम्मू और कश्मीर' तथा 'लद्दाख' में विभाजित कर दिया गया।

### अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :

#### अनुच्छेद 370 :

- भारतीय संविधान में अनुच्छेद 370 जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा प्रदान करता था।

- इसका मसौदा भारतीय संविधान सभा के सदस्य एन. गोपालस्वामी आयंगर ने तैयार किया था, जिसे वर्ष 1949 में 'अस्थायी उपबंध' के रूप में संविधान में जोड़ा गया था।

- इस अनुच्छेद के तहत् जम्मू-कश्मीर को संविधान एवं ध्वज रखने के साथ ही रक्षा, विदेशी मामले एवं संचार के अलावा अधिकांश मामलों में स्वायत्तता प्राप्त थी।

#### अनुच्छेद 35A :

- अनुच्छेद 35A के तहत् जम्मू-कश्मीर राज्य विधानमंडल को राज्य के "स्थायी निवासियों" को परिभाषित करने और उन्हें विशेष अधिकार प्रदान करने का अधिकार दिया गया था।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु:

### सत्यपाल मलिक:

- जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक का 5 अगस्त, 2025 को 79 वर्ष की आयु में निधन हो गया।
- मलिक ने अगस्त, 2018 से अक्टूबर, 2019 तक पूर्ववर्ती जम्मू-कश्मीर राज्य के अंतिम राज्यपाल के रूप में कार्य किया। उनके कार्यकाल के दौरान ही 5 अगस्त, 2019 को अनुच्छेद 370 को निरस्त कर राज्य का विशेष दर्जा समाप्त कर दिया गया था। आज उस ऐतिहासिक फैसले की छठी वर्षगाँठ है।
- जम्मू-कश्मीर के बाद उन्हें गोवा का राज्यपाल नियुक्त किया गया और तत्पश्चात उन्होंने अक्टूबर, 2022 तक मेघालय के राज्यपाल के रूप में कार्य किया।
- इससे पहले, वर्ष 2017 में उन्होंने कुछ समय के लिए बिहार के राज्यपाल का पद संभाला था।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य

## ग्लोबल AI सिटी इंडेक्स 2025



➲ **चर्चा में क्यों?**

- **मार्केट रिसर्च फर्म काउंटरपॉइंट रिसर्च की रिपोर्ट के अनुसार, बेंगलुरु ने ग्लोबल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) सिटी इंडेक्स में 26वाँ स्थान हासिल किया है, जो AI अनुसंधान, विकास और डेटा केंद्रों के लिए भारत का अग्रणी केंद्र बनकर उभरा है।**

➲ **मुख्य बिंदु :**

**वैश्विक स्थिति :**

| रैंक | शहर |
|---|---|
| 1st | सिंगापुर (सिंगापुर) |
| 2nd | सियोल (दक्षिण कोरिया) |
| 3rd | बीजिंग (चीन) |
| 4th | दुबई (संयुक्त अरब अमीरात) |
| 5th | सैन फ्रांसिस्को (संयुक्त राज्य अमेरिका) |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- माइक्रोसॉफ्ट और गूगल AI-सिटी गतिविधियों को बढ़ाने वाले सबसे बड़े विक्रेता हैं जिन्होंने अपने AI डेटा सेंटर की उपस्थिति का विस्तार किया।
- शेन्ज़ेन को रोबोटिक्स में प्रथम स्थान प्रदान किया गया, क्योंकि मजबूत सरकारी पहलों ने AI क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने में मदद की हैं।
- **सबसे तेज़ी से बढ़ते AI केंद्र :** बेंगलुरु, रियाद, हांग्जो और साओ पाउलो आदि।

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :**

- **आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) :** कार्यों के निष्पादन हेतु मानव बुद्धि और विवेक का स्थान कंप्यूटर या कंप्यूटर द्वारा नियंत्रित रोबोट ग्रहण कर लेते हैं तथा न्यूरल नेटवर्क जो मस्तिष्क की संरचना की नकल करते हैं ; जैसे- सीखना, तर्क करना, समस्या-समाधान, धारणा और निर्णय लेना।

**प्रकार**

- **वीक AI/नैरो AI/संकीर्ण AI :** ऐसा AI प्रकार जिसका अनुप्रयोग पूर्वनिर्धारित सीमाओं के अंतर्गत किसी विशिष्ट या सीमित क्षेत्र तक होता है।
- **उदाहरण :** वाक् पहचान, वर्चुअल असिस्टेंट (अमेज़न का एलेक्सा और एप्पल का सिरी), शतरंज खेलने वाले प्रोग्राम, स्पैम फ़िल्टर आदि।
- **स्ट्रॉन्ग AI :** अधिक जटिल प्रणालियाँ जिनके द्वारा मानव-समान कार्यों को किया जाता है, जिनमें किसी व्यक्ति के हस्तक्षेप के बिना समस्या-समाधान हेतु मानव बुद्धिमत्ता की नकल की जाती है।
- **उदाहरण :** को सेल्फ-ड्राइविंग कार।
- **सुपर AI :** मानवीय बुद्धिमत्ता से अधिक बुद्धिमत्ता पर कार्य करता हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## भारत और कृत्रिम बुद्धिमत्ता :

- **राष्ट्रीय AI रणनीति (2018) :** यह रणनीति आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए करने हेतु विजन, मिशन और एक व्यापक योजना की रूपरेखा तैयार करती है।
- **सभी के लिए AI :** AI शिक्षा और अनुसंधान को बढ़ावा देना।
- **सामाजिक सशक्तीकरण के लिए उत्तरदायी AI (RAISE) :** सामाजिक भलाई के लिए AI-आधारित समाधान विकसित करना।
- **फ्यूचरस्किल्स प्राइम :** कौशल विकास कार्यक्रम के रूप में नैसकॉम और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की एक संयुक्त पहल है।
- **AI उत्कृष्टता केंद्र:** सरकार ने AI में अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में AI उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना की।
- **इंडिया AI :** भारत का राष्ट्रीय AI पोर्टल हैं।

## विश्व और कृत्रिम बुद्धिमत्ता :

- **कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर 28वाँ यूरोपीय सम्मेलन 2025 :** 25 से 30 अक्टूबर, 2025 तक यूरोपियन एसोसिएशन फॉर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और इटालियन एसोसिएशन फॉर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस द्वारा बोलोग्ना (इटली) में आयोजित किया जाएगा।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर 5वाँ वैश्विक शिखर सम्मेलन, 2025 :

- **विषय:** "AI कन्वर्जेंस: विभिन्न विषयों में बुद्धिमत्ता का एकीकरण"
- **आयोजन :** 7 से 8 अक्टूबर, 2025 तक।
- **उद्देश्य :** शैक्षणिक अनुसंधान और उद्योग अनुप्रयोग के बीच सहयोग, वर्तमान स्थिति को बदलने वाली उभरती तकनीकों का प्रदर्शन करना और नैतिक एवं प्रभावशाली AI समाधानों को बढ़ावा देने वाली अंतःविषयक साझेदारियों को बढ़ावा देना।
- **पेरिस शिखर सम्मेलन, 2025 :** 6 से 11 फ़रवरी, 2025 तक पेरिस में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय कार्रवाई को प्रभावी बनने हेतु आयोजित किया गया।
- ब्लेचले पार्क शिखर सम्मेलन (UK, 2023), सियोल शिखर सम्मेलन (दक्षिण कोरिया, 2024) के बाद, यह इस श्रृंखला का तीसरा शिखर सम्मेलन था।
- **ब्लेचले पार्क घोषणा (28 राष्ट्र) :** सुरक्षित, मानवीय मूल्यों पर केन्द्रित और नैतिक रूप से जवाबदेह एआई के विकास पर जोर दिया गया।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# पहला बिम्सटेक पारंपरिक संगीत महोत्सव

## ➲ चर्चा में क्यों?

- **4 अगस्त, 2025 को नई दिल्ली के भारत मंडपम में पहला बिम्सटेक पारंपरिक संगीत महोत्सव आयोजित किया गया।**




## ➲ मुख्य बिंदु :

- **भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (ICCR) द्वारा आयोजित 'सप्तसुर: सात राष्ट्र, एक राग' नामक इस महोत्सव में सात बिम्सटेक देशों की विशिष्ट संगीत परंपराओं का उत्सव मनाया गया।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **मेजबान देश : भारत।**

- **इस कार्यक्रम का उद्घाटन भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर द्वारा किया गया।**

- **इस सांस्कृतिक पहल की शुरुआत अप्रैल, 2025 में थाईलैंड में आयोजित बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा की गई थी।**

### अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :

- **बिम्सटेक युवा शिखर सम्मेलन 2025 - 7 से 11 फरवरी, 2025 गांधीनगर (गुजरात)**
    - **थीम - "अंतर-बिम्सटेक भागीदारी-प्रस्ताव के लिए युवा एक सेतु के रूप में"**
    - **उद्देश्य - बांग्लादेश, भूटान, भारत, म्यांमार, नेपाल और श्रीलंकाई किशोरों के बीच समानता को मजबूत करना।**

### छठा बिम्सटेक (BIMSTEC) शिखर सम्मेलन 2025

- **आयोजन: 2 से 4 अप्रैल, 2025 तक थाईलैंड की अध्यक्षता में बैंकॉक में।**

- **शिखर सम्मेलन का विषय: "बिम्सटेक: समृद्ध, लचीला और खुला" (BIMSTEC: Prosperous, Resilient and Open)**

### बिम्सटेक (BIMSTEC)

- **पूरा नाम: बे ऑफ बंगाल इनिशिएटिव फॉर मल्टी-सेक्टोरल टेक्निकल एंड इकोनॉमिक कोऑपरेशन।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **स्थापना:** वर्ष 1997 में बैंकॉक घोषणा-पत्र के तहत् एक क्षेत्रीय संगठन के रूप में।
- **सचिवालय:** ढाका (बांग्लादेश)
- **7 सदस्य देश:** बांग्लादेश, भूटान, भारत, म्यांमार, नेपाल, श्रीलंका और थाईलैंड।
- इसके 4 संस्थापक सदस्य थे, जिसे BIST-EC (बांग्लादेश, भारत, श्रीलंका और थाईलैंड आर्थिक सहयोग) के नाम से जाना जाता था। वर्ष 1997 में म्यांमार इसमें शामिल हो गया और समूह का नाम बदलकर BIMST-EC कर दिया गया।
- वर्ष 2004 में नेपाल और भूटान को इसमें शामिल करने के बाद इसका नाम बदलकर बिम्सटेक कर दिया गया।
- **उद्देश्य:** इसका उद्देश्य बंगाल की खाड़ी क्षेत्र के देशों के बीच बहुमुखी तकनीकी और आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देना है।
- **बिम्सटेक के सिद्धांत:** बिम्सटेक के मध्य सहयोग, संप्रभु, समानता, क्षेत्रीय अखंडता, राजनीतिक स्वतंत्रता, आंतरिक मामलों में अहस्तक्षेप, अहिंसा, शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व, पारस्परिक सम्मान एवं पारस्परिक लाभ के सिद्धांतों के सम्मान पर आधारित है।
- **महत्त्व:** 1.7 बिलियन (विश्व की कुल जनसंख्या का 22 प्रतिशत) की आबादी वाले बिम्सटेक देशों की संयुक्त GDP लगभग 5.2 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

## C-295 सैन्य विमान

### ➲ चर्चा में क्यों?

- **भारत की रक्षा क्षमताओं को मजबूती देने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए भारतीय वायुसेना ने 3 अगस्त, 2025 को स्पेन के सेविले शहर में 16वाँ और अंतिम एयरबस C-295 सैन्य परिवहन विमान प्राप्त किया।**




### ➲ मुख्य बिंदु :

- **भारत ने सितंबर, 2021 में भारतीय वायु सेना के लिए 56 C-295MW परिवहन विमान के अधिग्रहण के लिए एयरबस डिफेंस एंड स्पेस, स्पेन के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए थे।**


UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- शेष 40 C-295 विमानों का निर्माण भारत के 'मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड' मिशन के तहत स्वदेशी रूप से किया जाएगा।
- अक्टूबर, 2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने संयुक्त रूप से गुजरात के वड़ोदरा में C-295 विमान निर्माण के लिए निर्मित टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (TASL) कैंपस का उद्घाटन किया।
- वड़ोदरा में स्थापित यह उत्पादन इकाई भारत में सैन्य विमानों की पहली निजी क्षेत्र की 'फाइनल असेंबली लाइन' (Final Assembly Line – FAL) है।
- देश में पहली बार कोई निजी क्षेत्र की कम्पनी एक पूर्ण विमान का निर्माण करेगी।

**C-295 एयरक्राफ्ट:**

- C-295 मूल रूप से एक स्पेनिश विमान निर्माता कम्पनी द्वारा निर्मित किया गया था, वर्तमान में यह कम्पनी एयरबस का हिस्सा है और विमान का निर्माण स्पेन में एयरबस प्लांट में होता है।
- **भार वहन क्षमता-** 5 से 10 टन।
- यह विमान भारतीय वायुसेना के एवरो-748 विमानों के पुराने बेड़े को प्रतिस्थापित करेगा।
- **उड़ान क्षमता-** 11 घण्टे।
- यह केवल 2200 फीट लंबी छोटी हवाई पट्टियों से संचालित हो सकता है और 110 समुद्री मील की कम गति से उड़ान भरने में सक्षम है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## खेल परिदृश्य

## कोसानोव मेमोरियल 2025 एथलेटिक्स मीट




### मुरली श्रीशंकर :

- भारत के मुरली श्रीशंकर ने कज़ाकिस्तान में आयोजित 2025 कोसानोव मेमोरियल, विश्व एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर कांस्य स्पर्धा में पुरुषों की लंबी कूद स्पर्धा में 7.94 मीटर का सर्वश्रेष्ठ प्रयास दर्ज कर स्वर्ण पदक जीता।
- फिलीपींस के जैनरी उबास (7.53 मीटर) ने रजत और अजरबैजान के नाज़िम बेबीयेव (7.48 मीटर) ने कांस्य पदक जीता।

### अब्दुल्ला अबूबकर :

- भारतीय एथलीट और पूर्व एशियाई चैंपियन अब्दुल्ला अबूबकर ने कज़ाकिस्तान के अल्माटी में आयोजित कोसानोव मेमोरियल, 2025, एथलेटिक्स मीट में पुरुषों की ट्रिपल जंप स्पर्धा (16.08 मीटर) का खिताब जीता।
- दक्षिण कोरियाई जोड़ी ने 16.07 मीटर की समान सर्वश्रेष्ठ छलांग दर्ज की। हालाँकि, यू ग्यूमिन को काउंटबैक के आधार पर दूसरा स्थान दिया गया।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **बैंको का विलय**<br><br>♦ भारतीय रिजर्व बैंक ने न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक का सरस्वत बैंक में विलय करने को मंजूरी प्रदान की।<br>♦ यह विलय 4 अगस्त, 2025 से लागू हुआ।<br>♦ सरस्वत बैंक देश का सबसे बड़ा अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक है। |
| 2. | **पहली वार्षिक ट्राइडेंट व्याख्यान श्रृंखला 2025**<br><br>♦ 5 अगस्त, 2025 को मानेकशॉ केंद्र, दिल्ली कैंट में संयुक्त युद्ध अध्ययन केंद्र (CENJOWS) ने अपने स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में पहली वार्षिक ट्राइडेंट व्याख्यान श्रृंखला (ATLS) का शुभारंभ किया।<br>♦ इस अवसर पर चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (CDS) जनरल अनिल चौहान ने 'भविष्य के युद्धक्षेत्र पर प्रभुत्व' विषय पर उद्घाटन व्याख्यान दिया।<br>♦ इस कार्यक्रम में 'मानव-मानव रहित टीमिंग' पर 'जनरल बिपिन रावत पेपर' का विमोचन किया गया। |



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

**3.** **'परीक्षा पे चर्चा': गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज**




- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'परीक्षा पे चर्चा' (PPC) पहल को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया।
- यह रिकॉर्ड एक महीने में सबसे ज्यादा लोगों के नागरिक संवाद मंच पर रजिस्ट्रेशन के लिए मिला है।
- इसके आठवें संस्करण में कुल 3.53 करोड़ वैध रजिस्ट्रेशन हुए।
- यह कार्यक्रम छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के साथ प्रधानमंत्री की सीधी बातचीत का मंच है। इसका उद्देश्य परीक्षा के समय को तनाव की बजाय सकारात्मकता, तैयारी और उद्देश्यपूर्ण सीखने का उत्सव बनाना है।

**4.** **वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स 2025 – दक्षिण अफ्रीका विजेता**




- एबी डिविलियर्स की कप्तानी में दक्षिण अफ्रीका की लीजेंड्स टीम ने वर्ष 2025 का वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स का खिताब जीता।
- **उप-विजेता –** पाकिस्तान।
- **फाइनल मुकाबला -** एजबेस्टन (इंग्लैंड)


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR